Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 03 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 185

# अयोध्या ने तोड़ा वेटिकन और मक्का का रिकार्ड, 48 दिन में 1 करोड़ रामभक्तों ने किए श्रीराम लला के दर्शन

**अयोध्या । आरएनएस**



श्री राम जन्म भूमि पर बने भव्य श्रीराम मंदिर में जब से श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है तभी से रामभक्तों का सैलाब अयोध्या में उमड़ रहा है। मात्र 48 दिन में ही 1 करोड़ रामभक्त श्री राम लला के दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा 22 जनवरी से 10 मार्च तक का है। दुनिया में इतनी बड़ी संख्या में लोग किसी भी धर्म के धर्मस्थल पर नहीं पहुंच रहे। ईसाइयों के सबसे बड़े धार्मिक स्थल वेटिकन सिटी में सालभर में करीब 90 लाख लोग आते हैं जबकि मुस्लिमों के पवित्र स्थल मक्का में पिछले साल 1.35 करोड़ लोग पहुंचे। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ था और 25 जनवरी से देश भर से 20 आस्था स्पेशल ट्रेनें करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आती रहीं। रोजाना करीब एक लाख लोगों के अयोध्या आने की वजह से रेलवे बड़े पैमाने पर तैयारी की। औसतन देखा जाए तो रोजाना 2 लाख श्रद्धालु अयोध्या आ रहे हैं और श्री राम लला के दर्शन कर रहे हैं।

## काशी विश्वनाथ में एक दिन में पहुंचे 6 लाख से भी अधिक श्रद्धालु

**वाराणसी । आरएनएस**



6 लाख से भी अधिक श्रद्धालु काशी विश्वनाथ दर्शन करने पहुंचे। इस आंकड़े ने नया रिकॉर्ड स्थापित कर दिया है। खास बात यह है कि गैर-त्योहार के मौके पर पहली बार इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु काशी विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंचे।

इससे पहले, मार्च में 95 लाख से अधिक श्रद्धालु काशी विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंचे थे।

काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विद्या भूषण मिश्रा ने कहा, 31 मार्च को 6,36,975 लाख श्रद्धालु काशी विश्वनाथ दर्शन करने पहुंचे। किसी गैर-त्योहार के मौके पर पहुंचने वाले क्षद्धालुओं की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है।

उनके मुताबिक, इस साल मार्च महीने की तुलना में पिछले साल मार्च में करीब 37,11,060 श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन किए थे।

सीईओ ने कहा, अगर हम त्योहार के लिहाज से देखें तो इससे पहले अगस्त महीने में 95,62,206 श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे। पूरे मार्च में 95,63,432 श्रद्धालु मंदिर दर्शन करने पहुंचे।

उन्होंने कहा, 24 घंटे के दरम्यान 18 मार्च को काशी विश्वनाथ के दर्शन करने 5,03,024 लाख से भी अधिक श्रद्धालु पहुंचे। 31 जनवरी के बाद सामान्य दिनों के दौरान औसत फुटफॉल प्रति दिन 1.5 लाख से ऊपर हो गया है।

मंदिर पदाधिकारियों के मुताबिक, पुनर्निर्मित काशी विश्वनाथ धाम के खुलने से पहले मंदिर में प्रति दिन औसतन 20,000 लोग आते थे और महा शिवरात्रि जैसे विशेष अवसरों पर यहां 2.5 लाख से अधिक भक्त आते थे।

## सिलेंडर लीकेज से लगी आग, मां-बेटी घायल

**नई दिल्ली । आरएनएस**



पश्चिमी दिल्ली में एक दर्दनाक हादसे में गैस लिकेज की वजह से एक महिला और उसकी 9 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

अग्निशमन विभाग के मुताबिक, सोमवार को सुबह 11:30 बजे टैगोर गार्डन इलाके में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की दो गाडिय़ां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची।

ओमवती (35) और उनकी बेटी हेमलता को बचा लिया गया है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ओमवती 75 फीसद झुलस चुकी है, वहीं हेमलता भी 20 फीसद झुलस चुकी है। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा कि आग लगने की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस फौरन मौके पर पहुंची।

डीसीपी ने कहा, फायर टेंडर, बीएसईएस लाइनमैन और डीडीएमए के तीन व्यक्ति भी मौके पर पहुंचे। सभी एजेंसियां स्थिति को काबू करने के प्रयास में जुट गईं। दरअसल, आग तीसरी मंजिल में लगी थी और गलियां संकरी होने की वजह से दमकलकर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

डीसीपी ने कहा कि ओमवती और हेमलता को फौरन उपचार के लिए डीडीयू अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जिसके बाद उन्हें सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

डीसीपी ने आगे कहा, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गैस लिकेज होने की वजह से आग लगी थी। फिलहाल, स्थिति काबू में है।

## दर्दनाक हादसा : डंपर की टक्कर से ऑटो सवार सात लोगों की मौत

**❑ एसपी ने घटना स्थल व अस्पताल पहुंच लिया जायजा**

**चित्रकूट । आरएनएस**



डम्पर व आटो की आमने सामने भिड़ंत होने पर आटो में सवार सात लोगों की मौत हो गई। एक यात्री के गंभीर रूप से घायल होने पर रेफर किया गया है। घटना से जिले में सनसनी फैल गई। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने डम्पर और आटो को कब्जे में लिया है। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। एसपी, अपर एसपी समेत भारी पुलिस बल घटना स्थल व अस्पताल पहुंचकर जरूरी प्रबंध कराया। डंपर चालक वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया।

ये हृदयविदारक हादसा जिला मुख्यालय के अमानपुर में सवेरे करीब 5:40 बजे हुआ। बताया गया कि रेलवे स्टेशन से सवारियां बैठाकर बिना नंबर प्लेट की सीएनजी आटो चित्रकूट जा रही थी। इसी बीच भरतकूप की ओर से गिट्टी लादकर आ रहे डम्पर की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे आटो में सवार कन्नौज जिले के गुलसरायगंज निवासी अनिरुद्ध कुमार (24) पुत्र शिवराज, अखिलेश (22) पुत्र हरिभान सिंह, ककरहा थाना तिरवां कन्नौज निवासी अतर सिंह पुत्र रामसेवक वर्मा, भरुवा सुमेरपुर निवासी धर्मेन्द्र सोनी (30) पुत्र स्व राम कुमार, बहन निधि सोनी (25), सुमित साहू (14) पुत्र सुनील, कोतवाली कर्वी क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी निर्भय कुशवाहा (23) पुत्र अखिलेश, अहमदगंज बेड़ीपुलिया निवासी सूरज (17) पुत्र प्रेमलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर आनन फानन पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने अनिरुद्ध कुमार, अखिलेश, अतर सिंह, धर्मेन्द्र सोनी, निधि सोनी को मृत घोषित कर दिया। तीन घायलों को गंभीर दशा के चलते प्रयागराज रेफर कर दिया। जहां रास्ते में निर्भय व सूरज ने दम तोड़ दिया। घायल सुमित साहू को गंभीर दशा के चलते परिजन कानपुर इलाज को ले गए। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी राजकमल, कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह समेत सीतापुर, शिवरामपुर, भरत थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद जिला अस्पताल जाकर परिजनों को ढाढस बंधाया है। घटना की जानकारी होने पर कन्नौज व भरुआ सुमेरपुर के मृतक व घायलों के परिजन मुख्यालय आए। घटना देख दहाड़े मारकर रोने लगे। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सौप दिया।

## चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के 8 डीएम और 12 एसपी का किया तबादला

**नई दिल्ली । आरएनएस**

लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने बड़ा एक्शन लिया है। आयोग ने मंगलवार को पांच राज्यों के 8 डीएम और 12 एसपी का तबादला कर दिया है। जिन पांच राज्यों के लिए चुनाव आयोग ने यह एक्शन लिया है, उनमें असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के नाम हैं। इस संबंध में चुनाव आयोग की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

चुनाव आयोग ने बिहार के नवादा और भोजपुर के डीएम और एसपी को हटा दिया है। इसके अलावा असम के उदलगुड़ी के जिलाधिकारी का ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। वहीं, ओडिशा के दो जिलाधिकारियों, पांच पुलिस अधीक्षकों और एक पुलिस महानिरीक्षक समेत आठ अफसरों का तबादला किया गया है।

इसके साथ ही चुनाव आयोग ने झारखंड के देवघर जिले के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग का तबादला कर दिया है। वहीं, रांची (ग्रामीण) एसपी, पलामू के डीआईजी और दुमका के आईजी के खाली पदों को भरने के लिए अफसरों के नाम मांगे हैं।

चुनाव आयोग के आदेश के अनुसार, आंध्र प्रदेश में तीन डीईओ और पांच एसपी का तबादला किया गया है। लेकिन, सबसे ज्यादा नाम आंध्र में गुंटूर रेंज के आईजी जी पाला राजू का है।

गुंटूर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के दौरान अव्यवस्था का आरोप जी पाला राजू पर लगा था। इसके बाद भाजपा की तरफ से उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

## माफी मांगने पहुंचे बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, आपने हर सीमा लांघ दी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भ्रामक विज्ञापन केस में अहम खबर सामने आई है। आज योगगुरु बाबा रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट में माफी मांग ली। उनके साथ पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण को जवाब दाखिल करने के लिए आखिरी अवसर दिया। अदालत ने कहा कि एक हफ्ते में जवाब दाखिल कीजिए। अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। आज रामदेव और बालकृष्ण दोनों ही शीर्ष अदालत पहुंचे। बाबा रामदेव के वकील ने कहा, 'हम इस अदालत से भाग नहीं रहे हैं। क्या मैं यह कुछ पैराग्राफ पढ़ सकता हूं? क्या मैं हाथ जोडक़र यह कह सकता हूं कि जेंटलमेन खुद अदालत में मौजूद हैं और अदालत उनकी माफी को दर्ज कर सकती है।' रामदेव और आचार्य बालकृष्ण से सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपको कोर्ट में दिए गए वचन का पालन करना होगा, आपने हर सीमा को तोड़ दिया है। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले को लेकर कहा कि जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। हाल ही में कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण तलब किया था।

## बीजेपी छोड़कर पांच साल बाद फिर राजद में लौटे गिरिनाथ सिंह, चतरा से हो सकते हैं उम्मीदवार

**रांची । आरएनएस**




झारखंड के गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक और बिहार-झारखंड की सरकार में मंत्री रहे गिरिनाथ सिंह ठीक पांच साल बाद भाजपा छोडक़र फिर से राजद में लौट आए हैं। उन्होंने पटना स्थित राजद कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। राजद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने उनका स्वागत किया। माना जा रहा है कि चतरा संसदीय सीट से पार्टी उन्हें अपना उम्मीदवार बना सकती है।

गिरिनाथ सिंह लंबे समय तक झारखंड प्रदेश राजद के अध्यक्ष रहे हैं। वह 2019 में संसदीय चुनाव के पहले राजद छोडक़र भाजपा में शामिल हुए थे। वह उस वक्त चतरा सीट से भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव लडऩा चाहते थे, लेकिन पार्टी ने सुनील सिंह को वहां दोबारा प्रत्याशी बनाया था। इस बार भी वह टिकट के लिए दावेदारी कर रहे थे, लेकिन निराशा हाथ लगी। गिरिनाथ सिंह ने 30 मार्च को राजद सुप्रीमो लालू यादव से पटना में मुलाकात की थी। इसके बाद से चर्चा थी कि वो आरजेडी में वापसी करेंगे।

राजद में शामिल होने के बाद गिरिनाथ सिंह ने कहा कि वह सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध पार्टी में लौट आए हैं। यह उनके लिए घर वापसी है। राजद ने झारखंड में पलामू और चतरा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी की है। आरजेडी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव ने गिरिनाथ सिंह की पार्टी में वापसी करने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने उनका पार्टी में स्वागत किया है। संजय यादव ने कहा कि गिरिनाथ सिंह की वापसी से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

## ठग सुकेश चन्द्रशेखर का केजरीवाल को नया पत्र, करेंगे आप नेता के खिलाफ कानूनी कार्यवाई

**नई दिल्ली । आरएनएस**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने तीन पेज का लेटर जारी किया है।

सुकेश ने आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ द्वारा किए गए दावे का खंडन किया और जेल प्रशासन में कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार को लेकर दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत और सत्येंद्र जैन पर आरोप लगाए।

सुकेश ने कहा, प्रिय केजरीवाल जी, दो दिन पहले जब मैंने आपके प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ द्वारा की गई अपमानजनक और अशोभनीय टिप्पणी के बारे में सुना, तो मैं अचंभित हो गया कि आप ऐसे कार्टूनों को कहां से खोज लाते हैं, जिन्हें कोई जानकारी नहीं होती, वो सिर्फ एक लिखी लिखाई पटकथा सामने लाकर पढ़ती हैं।

वहीं, अब सुकेश ने प्रियंका कक्कड़ के बयान को लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही है।

बयान में कहा गया है, प्रियंका जी, मुझे उम्मीद है कि आपको मेरा कानूनी नोटिस मिल गया है, लेकिन यह केवल शुरुआत है, कानूनी रूप से और भी बहुत कुछ आपके रास्ते पर है।

चन्द्रशेखर ने अपने पास मौजूद कथित सबूतों का भी उल्लेख किया, जिसमें व्हाट्सएप चैट और अन्य रिकॉर्डिंग शामिल हैं, जिसके बारे में उनका दावा है कि इससे गहलोत और जैन द्वारा इस्तेमाल किए गए भ्रष्टाचार और दबाव की रणनीति का पर्दाफाश हो जाएगा।

चंद्रशेखर ने आगे कहा, जो भी हो, प्रियंका जी, मैंने 50 करोड़ रुपये तत्कालीन जेल मंत्री सत्येन्द्र जैन को दिया था और उनके निर्देश पर तत्कालीन डीजी जेल संदीप गोयल को भी पैसे दिए गए थे।

बयान में दिल्ली सरकार से जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग की गई है, जेलों के प्रबंधन और उसके अधिकारियों द्वारा सत्ता के कथित दुरुपयोग की आलोचना की गई है।

सुकेश ने आगे कहा, तो प्रियंका जी, आज आप सभी बार-बार चिल्लाते रहते हैं कि मैं कुख्यात ठग हूं, लेकिन कृपया अपने केजरीवाल जी और जैन साहब से पूछें कि वे 2015 से मेरी सेवाओं और मुख्य रूप से मेरे पैसे का खुशी से उपयोग क्यों कर रहे थे, कुछ तो शर्म करो। भारत और मुख्य रूप से दिल्ली के लोगों को मूर्ख मत बनाओ, सभी जानते हैं कि असली ओजी कॉनमैन कौन हैं।

कथित ठग ने भविष्य में अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत प्रकट देने का वादा किया।

प्रियंका कक्कड़ ने हाल ही में कहा था, बीजेपी की प्रतिशोधात्मक राजनीति अब इस निचले स्तर पर पहुंच गई है कि एक कुख्यात ठग की बात पर विश्वास किया जाता है और उस व्यक्ति का कुछ नहीं जिसने दुनिया को दिल्ली की प्रसिद्ध मोहल्ला क्लिनिक अवधारणा दी।

चन्द्रशेखर 200 करोड़ रुपये की रंगदारी मामले में मुख्य आरोपी है।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो बच्चियों की हुई दर्दनाक मौत, ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर दर्शन के लिए जा रहे थे सभी

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर (आरएनएस)।** जिले के हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि दो गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मंगलवार, 2 मार्च 2023 को हलिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम बधवा कुसियरा निवासी शंकर कोल पुत्र मुन्नी लाल कोल 48 वर्ष समीप के ही मन्दिर से भजन किर्तन के लिये परिवार के कुल 10 सदस्यों को ट्रैक्टर-ट्राली से लेकर जा रहे थी कि जाते समय जोगीबीर बन्धी के पास अचानक ट्रैक्टर पलट गया। परिणामस्वरूप कई लोग घायल हो गये। घायलों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों सहित सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना हलिया पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल ट्रैक्टर चालक सियाराम उर्फ कलेक्टर पुत्र मुन्नी लाल 55 वर्ष व साधना कोल पुत्री रमेश कोल 03 वर्ष को इलाज हेतु हॉस्पिटल भिजवाया गया। जबकि मधु कोल 10 वर्ष व 2. रंजना कोल 8 वर्ष पुत्रीगण रमेश कोल जिनकी मौके पर ही मौत हो गयी थी के शव को कब्जे में ले लिया गया।

जानकारी होते ही मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए थे। घायलों की चीख पुकार तथा दो बच्चियों की मौत से सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो उठा था। जानकारी होने के बाद घायलों का हाल-चाल लेने डीएम के निर्देश पर अस्पताल पहुंचे एडीएम वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला, एसडीम लालगंज गुलाबचंद्र ने परिजनों को ढांढस बढ़ाया तथा हर मदद संभव सहयोग के प्रयास का आश्वासन दिया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिहार में जमीनी विवाद में पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

**आरा (आरएनएस)।** बिहार के भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को अपराधियों ने खेत में गेहूं काटने के दौरान पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रथम दृष्टया हत्या का कारण जमीनी विवाद और प्रतिशोध बताया जा रहा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह उदवंतनगर थाना अंतर्गत रघुनीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर कुछ अपराधियों ने रामाधार यादव और उनके पुत्र मुकेश यादव को खेत में गेहूं काटने के समय गोली मार दी। इस घटना में घटनास्थल पर ही पिता की मौत हो गयी जबकि पुत्र ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि रामाधार यादव का कई वर्षों से गांव के ही एक परिवार से विवाद चल रहा है। इस क्रम में कई हत्याएं हुई थी और इसके बाद रामाधार को सजा हुई थी। हाल ही में वे जमानत पर छूट कर जेल से आए थे। पुलिस ने कहा कि जानकारी के अनुसार इनका भतीजा ही कुछ अन्य अपराधियों के साथ आकर खेत में गेहूं काटने के समय उनके ऊपर फायरिंग की, जिससे पिता-पुत्र की मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष और वरीय पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी।

### शामली में सड़क हादसे में दंपती की मौत

**शामली (आरएनएस)।** ऊन मार्ग के टोडा चौराहे पर एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने बाइक सवार दंपती व बालिका को टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उपचार के दौरान गर्भवती पत्नी ने भी अस्पताल मे दम तोड़ दिया। इसके अलावा बालिका की हालात भी गंभीर बनी हुई है। गुस्साए ग्रामीणों ने ऊन मार्ग पर प्रदर्शन की योजना बनाई लेकिन चौसाना पुलिस ने समझा-बुझाकर मामले को शांत किया। बताया गया कि महिला आठ माह की गर्भवती थी।

### बीजेपी ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए जारी की 112 उम्मीदवारों की लिस्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के साथ होने वाले ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए आज अपने 112 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां राज्य विधानसभा की कुल 147 सीटों में से 112 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी की। भाजपा ने वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में 23 सीटें जीतीं थीं जिनमें से 20 सीटें इस सूची में शामिल हैं। पार्टी ने तीन सीटों पर अपने नये चेहरे उतारें हैं। वर्ष 2020 में बालासोर से निर्वाचित मदनमोहन दत्ता का निधन हो जाने के बाद उपचुनाव में यहां से बीजू जनता दल ने जीत हासिल की थी। भाजपा ने इस बार यहां से दिवंगत दत्ता के पुत्र मानस कुमार दत्ता को पुन: टिकट दिया है। इसी प्रकार से धामनगर (सु.) से विष्णुचरण सेठी की जगह सूर्यबंशी सूरज को, ब्रह्मगिरी से ललितेन्दु विद्याधर महापात्र की जगह उपासना महापात्र को तथा मल्कानगिरी (सु.) से नरसिंह मडक़ामी की जगह आदित्य माढ़ी को उम्मीदवार घोषित किया गया है। भाजपा ने अपनी तीन सीटों रायरंगपुर, नीलगिरी एवं बंग्रीपोसी के लिए नाम घोषित नहीं किये हैं जबकि 17 सीटों पर पुराने नामों को ही पुन: मौका दिया गया है। इस सूची में आठ महिलाएं हैं। भाजपा को 35 सीटों के लिए उम्मीदवार तय करना बाकी रह गया है।

### सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता: मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर-भारी मात्रा में हथियार बरामद

**बालाघाट (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए, जबकि सात घायल भी हुई है। उनके पास से हथियार भी मिले हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ की सीमा पर केराझरी के जंगल में पुलिस का सर्चिंग अभियान चल रहा था। इसी दौरान पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। उनके शव मंगलवार सुबह सर्चिंग के दौरान बरामद किए गए। पुलिस ने नक्सलियों के शव के पास एक एके-47 सहित एक अन्य राइफल और दैनिक इस्तेमाल का सामान भी बरामद किया। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना भी जताई जा रही है।